**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 3977**

**सोमवार, 18 अगस्त, 2025/27 श्रावण, 1947 (शक)**

## औपचारिक रोज़गार सृजन

**3977. श्री आदित्य यादव:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार औपचारिक रोज़गार सृजन में स्टाफिंग उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करती है; और

(ख) यदि हाँ, तो सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने के लिए प्रस्तावित हैं कि खुदरा, संभार-तंत्र, सूचना प्रौद्योगिकी, ई-कॉमर्स इत्यादि जैसे क्षेत्र मौसम के अनुसार माँगों को पूरा करने के लिए तेज़ी से स्टाफिंग कंपनियों की ओर रुख करें और अपनी आवश्यकता के अनुसार अपने कार्यबल का विस्तार करें?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

**(**क) से (ख)**:** भारत सरकार का श्रम और रोजगार मंत्रालय, राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल चला रहा है, जो निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों की जानकारी, ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों की जानकारी, नौकरी खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, रोजगार क्षमता वृद्धि कार्यक्रम आदि सहित करियर से संबंधित सेवाएं एक डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से प्रदान करने के लिए वन-स्टॉप समाधान है।

आज की तारीख में, रिटेल, लॉजिस्टिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), ई-कॉमर्स आदि जैसे विविध क्षेत्रों के 48 लाख से अधिक सक्रिय नियोक्ता एनसीएस पोर्टल पर पंजीकृत हैं। ये नियोक्ता अपनी रिक्तियों को अपनी आवश्यकताओं के अनुसार अधिसूचित करते हैं और एनसीएस पोर्टल की रोजगार-मिलान सुविधा के माध्यम से, ये नियोक्ता 1.28 करोड़ से अधिक सक्रिय रोजगार चाहने वालों के एक व्यापक डेटाबेस से उपयुक्त उम्मीदवारों की पहचान करने में सक्षम हैं।

******